'नेकियों का सिला बदी में मिले,और शोहरत की कमाई क्या है, इस बुलंदी पे आ के जाना है, अच्छा होने में बुराई क्या है..!'
—— डॉ. कुमार विश्वास, कवि

पूर्वोत्तर का विकास कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था के नए इंजन की तरह काम करेगा।
—— जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री

जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का अनशन शुरू

नई दिल्ली (एसएनबी)। जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज में नए सत्र के लिए एडमिशन बंद किए जाने व दिल्ली सरकार के अंतर्गत विभिन्न विश्वविद्यालयों में कोरोना काल के बावजूद फीस वृद्धि के खिलाफ एबीवीपी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के दूसरे दिन छात्रों ने केजरीवाल सरकार के छात्र विरोधी निर्णयों के खिलाफ अनशन शुरू कर दिया है। दूसरे दिन भाजपा नेता विजय गोयल ने इसमें शामिल होकर अपना समर्थन जताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार एक भी नया कॉलेज नहीं खोल पायी है और अब तो पुराने कॉलेजों को बंद करने में लगी है। केजरीवाल सरकार को इस तरह छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का अधिकार नहीं है। उधर उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे जीबी पंत अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्रों के समर्थन दिया।

सोमवार को दिल्ली सरकार को 24 घंटे में समस्याओं के समाधान के लिए निर्णय लेने के अल्टीमेटम पर कोई कार्रवाई न होने पर मंगलवार दोपहर से जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज के 5 छात्रों ने दिल्ली सरकार द्वारा जी बी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज में इस सत्र के लिए एडमिशन काउंसलिंग बंद करने व कॉलेज बंद करने की आशंकाओं के बीच अनशन शुरू कर दिया है।

मंगलवार को जी बी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के धरने में समर्थन देने पहुंचे भाजपा नेता विजय गोयल। *फोटो : एसएनबी*

पुलिसकर्मियों व एक परिवार के बीच झड़प

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

नार्थ वेस्ट जिले के वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र इलाके में सोमवार रात पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प में एक कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल समेत चार से पांच लोग चोटिल हो गए।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपियो खिलाफ सरकारी कामकाज में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने और पुलिस वर्दी फाड़ने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है, जबकि झढ़प करने वाले परिवार का कहना है कि पुलिस वालों ने वर्दी का रौब झाड़ते हुए बुजुर्ग महिलाओं समेत तीन से चार लोगों पर लाठियों से हमला किया है। पुलिसकर्मी शराब के नशे में चूर थे।

उन्होंने वारदात की मोबाइल फोन से कई वीडियो भी बनाई थी। जानकारी के अनुसार, घायल पुलिस वालों की पहचान वजीरपुर चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल प्रदीप और कांस्टेबल अमित के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमित इलाके में गश्त पर था। इस बीच घर के बाहर नशे में बैठे प्रदीप ने उसको पकड़ लिया और किसी बात पर हुए विवाद के बाद उसके मुंह पर घूंसा मार दिया। वह वहीं पर गिर गया।

अमित ने चौकी में फोन कर मामले की जानकारी दी। हेड कांस्टेबल प्रमोद अपने एक साथी के साथ आया और दीपक को पकड़ लिया। इस बीच पुलिसकर्मियों व आरोपी में हाथापाई भी हुई थी। दीपक को पकड़ने का उसके परिवार ने विरोध किया और कांस्टेबल प्रदीप से बुरी तरह मारपीट की और सिर पर पत्थर मारकर उसको घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों की एमएलसी करवाई है। जबकि दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दो पुलिसकर्मियों सहित पांच लोग घायल

सरकारी काम में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने व पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ने का केस दर्ज

आरोपी परिवार के मुताबिक नशे में पुलिसकर्मियों बुजुर्ग महिलाओं से की थी मारपीट

पुलिस के मुताबिक दीपक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरी तरफ परिवार का कहना है कि दीपक ने एक महीने पहले ही कबाड़ी का काम बंद कर दिया है। लेकिन अमित उसको पहले से तंग कर रहा था। दीपक ने इस बार बोला था कि उसने काम बंद कर दिया है।

इस पर अमित ने उसकी पिटाई की थी। तीनों पुलिस वाले नशे में थे। जिनसे सही तरह से चला भी नहीं जा रहा था। तीनों ने दो बुजुर्ग महिलाओं पर भी हाथ उठाया था। जिनको बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया था। एक परिवार ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि सोमवार रात उनके बेटे का किसी से झगड़ा हो गया था। दीपक बेटे की तरफ से बोल रहा था। तभी कांस्टेबल अमित आया और उसका कॉलर पकड़कर उसको चौकी ले जाने लगा। इस बीच दोनों में हाथापाई हो गई। पुलिस वालों ने हाथापाई का वीडियों बना रहे दो-तीन लोगों को मोबाइल फोन भी तोड़ दिए।

डीसीडब्ल्यू ने बिहार के प्रेमी जोड़े को ऑनर किलिंग से बचाया

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने बिहार से एक प्रेमी जोड़े को ऑनर किलिंग का शिकार होने से बचाया है।

आयोग को लड़के ने ईमेल के ज़रिए शिकायत भेजी और बताया कि वो और बिहार की रहने वाली लड़की सुशीला (बदला नाम) एक दूसरे से प्यार करते है और वह इंदिरापुरम में साथ में रह रहे थे। सुशीला के पिता को पता लगते ही उसके परिवार वाले सुशीला को इंदिरापुरम से बिहार लेकर चले गए है।

जब शिकायतकर्ता से लड़की की जानकारी मांगी गई तो उसने बताया कि लड़की से उसकी आखिरी बार बात कुछ समय पहले हुई थी और उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ है। लड़की ने उसे बताया था कि उसे भगवती स्थान मंदिर के पास किसी जगह पर रखा गया है। इसके अतिरिक्त लड़के के पास लड़की कि कोई जानकारी नहीं थी। उसे केवल लड़की के पिता का नाम पता था।

आयोग ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए बिहार पुलिस से संपर्क किया, जिसपर पुलिस ने बताया कि केवल भगवती स्थान मंदिर की जानकारी के ज़रिए लड़की की तलाश बहुत मुश्किल है। इसके बाद आयोग की सदस्य फ़िरदौस खान ने मधुबनी जिले के एसएसपी से संपर्क किया और उन्हें कहा कि भगवती स्थान मंदिर के पास रहने वाले लड़की के पिता की तलाश करें। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने लड़की को पंडोल क्षेत्र से ढूंढ निकाला।

भीख मांगने के बहाने लूटपाट करने वाली चार महिलाएं गिरफ्तार

नई दिल्ली (एसएनबी)। दक्षिणी दिल्ली जिला हौजखास थाना पुलिस ने भीख मांगने के बहाने लूटपाट करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गैंग की चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई चारों महिलाओं के नाम शहीना (22) शबीना (25) टीना (25) और सुनीता (30) हैं। पुलिस का कहना है इन चारों महिलाओं ने कार में बैठी एक बुजुर्ग महिला को जान से मारने की धमकी देकर लूट लिया था। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरों से पहचान कर पुलिस ने सभी को निजामुद्दीन पुल के पास से पकड़ा। सभी महिलाएं मूलरूप से बिहार की रहने वाली बताई जाती हैं।

आरोपियों को आरोप पत्र की हार्ड कॉपी मुहैया कराए पुलिस

नई दिल्ली (एसएनबी)। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वह आरोपियों को आरोप पत्र की हार्ड कॉपी मुहैया कराएं, क्योंकि कानूनी प्रक्रिया में हार्ड कॉपी भी देने का प्रावधान है, ना की सॉफ्ट कॉपी। जैसे पेन ड्राइव में आरोप पत्र की प्रति देना। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने इसके लिए धन की मंजूरी प्राप्त करने के लिए पुलिस को समय देने से भी इनकार कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि उनसे जल्द कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है। और वह पुलिस की धन की मंजूरी की दलीलों से संतुष्ट नहीं है। न्यायाधीश ने इसके साथ ही इस मामले की सुनवाई 6 नवम्बर के लिए स्थगित कर दी।

निगम सर्कुलर को लेकर स्थाई समिति की बैठक में हंगामा

नई दिल्ली (एसएनबी)। उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी सर्कुलर जिसमें कोई भी प्रश्न पूछने के लिए पार्षद को पहले महापौर के पास इजाजत के लिए भेजना होगा, को लेकर स्थाई समिति की बैठक में विपक्षी आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने हंगामा करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। नेता सदन योगेश वर्मा ने कहा कि, यह निगम नियमों के तहत है स्थाई समिति अध्यक्ष छैल बिहारी गोस्वामी ने कहा, आपने अपनी बात रख ली है, क्या करना है क्या नहीं करना है यह हमारा अधिकार है। वहीं भाजपा के विपिन मल्होत्रा द्वारा दिल्ली सरकार द्वारा निगमों को पैसा ना देने को ले टिप्पणी पर भी आप व भाजपा पार्षदों में जमकर नोकझोंक हुई।

चावल के निर्यात का झांसा देकर कारोबारी से 1.92 करोड़ ठगे

नई दिल्ली (एसएनबी)। खाड़ी देशों में चावल का निर्यात करने का झांसा देकर खारी बावली के एक कारोबारी से 1.92 करोड़ रुपए ठग लिए गए। आरोपियों ने रुपए निवेश करने व मोटा मुनाफा देने के नाम पर उसे ठग लिया।

यह सिलसिला 2016 से 2019 के बीच चला। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित सुरेश जैन ने आरोपियों से अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने सुपारी देकर उसकी हत्या और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। परेशान होकर पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब मामला दर्ज नहीं किया तो सुरेश ने कोर्ट का दरवाजा खटाखटाया। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को इस संबंध में आरोपी सुशील कुमार, अंकित सिंघला, मधु बाला और सचिन सिंघला समेत अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत व अपराधिक षडयंत्र रचने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

अदालत के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की छानबीन

पुलिस के मुताबिक पीड़ित सुरेश जैन का नया बाजार, खारी बावली इलाके में दाल और चावल का बड़ा कारोबार है। निसिंग, करनाल के अन्य कारोबारी सुशील से सुरेश की किसी के जरिए मुलाकत हुई। 2016 में सुशील ने अपने जानकार सचिन व अंकित के साथ उससे मुलाकात की। आरोपियों ने बताया कि उन्हें खड़ी देशों में चावल एक्सपोर्ट करने का बड़ा ऑर्डर मिला है। कतर की कंपनी ने उनको 55 करोड़ का माल भेजने का ऑर्डर दिया है, लेकिन उनके पास रुपए नहीं हैं। इन लोगों ने कई बैंक व अन्य लोगों से रुपए लेने की कोशिश की, लेकिन रुपए का इंतजाम नहीं हो पाया। आरोपियों ने सुरेश से उनकी कंपनी में रुपए निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। शुरुआत में सुरेश इसके लिए तैयार नहीं हुआ, लेकिन धीरे-धीरे उसने आरोपियों को 1.92 करोड़ रुपए दे दिए।

बाद में सुरेश को पता चला कि आरोपियों को कोई ऑर्डर नहीं मिला है। सुरेश से रुपए लेने के बाद सुशील द्वारा बनाई गई फर्जी कंपनियों में रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। यही नहीं आरोपियों ने सुरेश की तरह न जाने कितने लोगों से इसी तरह ठगी की है।

100 परिवारों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपा

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने एल 1 व एल 2, संगम विहार के निवासियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ, जिनके 100 से अधिक मकान राजस्व विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा बिना किसी नोटिस के तोड़े गए, असहाय लोगों के घरों के पुननिर्माण के लिए तथा मुआवजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री निवास पर ज्ञापन सौंपा।

कुकर्म के बाद तीन साल के बच्चे की हत्या, गिरफ्तार

नई दिल्ली (एसएनबी)। बुराड़ी इलाके में तीन साल के बच्चे से कुकर्म के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस का दावा है कि वारदात को अंजाम बच्चे की मां के लिव-इन पार्टनर ने दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर पर पहले यू-गर्डर ढलाई शुरू

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने निर्माण कार्य मे तेजी लाते हुए फेज़-4 के जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर पर पहले यू-गर्डर की ढलाई शुरू कर दी है। डीएमआरसी प्रवक्ता ने बताया कि यह एक स्टेंडर्ड स्पैन वाला दोहरा यू-गर्डर है जिसमें एक स्पैन की लंबाई 28 मीटर है और एक यू-गर्डर का वजन लगभग 160 मीट्रिक टन है।

बेवजह बच्चे को पीटने का विरोध करने पर मां को जमकर पीटा

नई दिल्ली (एसएनबी)। लाजपत नगर इलाके मे पड़ोस में रहने वाले 8 साल के बच्चे के घर के बाहर खेलने पर एक शख्स को इतना गुस्सा आया कि उसने पहले तो उसे बाहर आकर थप्पड़ जड़ दिया और चला गया। बच्चे की मां ने इसका विरोध किया तो गुस्से में वह फिर से लौटा और बच्चे की मां को जमकर पीटा। घटना लाजपत नगर इलाके में स्थित जल विहार की है।

गैंगरेप में फरार सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

नई दिल्ली । नार्थ रोहिणी पुलिस ने 30 वर्षीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी आरोपी का नाम कंवर पाल (36) है। इस मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। अब पुलिस अधिकारी तीनों आरोपियों का डीएनए नमूने लेकर जांच के लिए फारेंसिक लैब में भेजने की तैयारी कर रही है।

हमारा इण्डिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड
(रजिस्ट्रेशन संख्या - MSCS/CR/594/2012)
मंगल ज्योति, 101, 227/2 ए जे सी बोस रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700020
टेलिफोन : 033-22870953, ई-मेल : hiccsl.coop@humaraindiaccsl.in

सूचना

हमारा इण्डिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों की अष्टम वार्षिक जनरल मीटिंग 20 नवम्बर, 2020 को प्रातः 11:00 बजे तृतीय तल, सहारा इंडिया सदन, 2ए- शेक्सपियर सरनी कोलकाता-700071 में सम्पन्न होगी।

कार्यसूची

1. पिछली जनरल मीटिंग के कार्यवृत्त की पुष्टि करना।
2. वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंकेक्षित वित्तीय विवरण पर विचार करना तथा इसे स्वीकृत करना।
3. अंकेक्षक प्रतिवेदन तथा वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार करना आरै स्वीकृत करना।
4. विशिष्ट रिजर्व और अन्य फण्ड बनाने के बारे में विचार करना।
5. शुद्ध लाभ के निस्तारण पर विचार करना।
6. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए लाभांश वितरण की घोषणा करना।
7. वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक बजट को स्वीकृत करना।
8. वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक एक्शन प्लान को स्वीकृत करना।
9. वत्तीय वर्ष 2020-21 के लिए संविधिक अंकेक्षकों की नियुक्ति पर विचार करना और स्वीकृति करना।
10. उन कर्मचारियों की सूची पर विचार करना जो बोर्ड के सदस्यों अथवा प्रबंध निदेशक के संबंधी है।
11. अन्य विषय, यदि कोई है, को अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत करना।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड
ह0/-
प्रबंध निदेशक

स्थानः कोलकाता
दिनांकः 16 अक्टूबर, 2020

नोटः 1. कृपया सूचित रहे कि यदि मीटिंग के निर्धारित समय के आधे घंटे के भीतर निर्दिष्ट संख्या (कोरम) उपस्थित नहीं हो तो ऐसी परिस्थिति में मीटिंग स्थगित कर दी जायेगी तथा स्थगित मीटिंग उसी दिन अर्थात 20 नवम्बर, 2020 को प्रातः 11:30 बजे आयोजित की जायेगी ताकि कार्यसूची पर इंगित कार्यो का निष्पादन हो सके। इस प्रकार स्थगित मीटिंग के आयोजन में कार्य निष्पादन हेतु निर्दिष्ट संख्या (कोरम) की आवश्यकता नहीं होगी।
2. सदस्यों से अनुरोध है कि कोविड-19 महामारी के लिये भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

Nagar Nigam Haridwar

Letter No. 2183/Tender-PWtF-NNH/2020-21 Date : 03.11.2020

Re-TENDER NOTICE

Nagar Nigam Haridwar (NNH) invites re-tenders from interested eligible bidder to set up plant for conversion of postconsumer mixed waste plastics from Municipal Solid Waste into fuel/Hydrocarbons derivatives of capacity 10 TPD by using an innovative Patented Environmentally clean technology (with zero pollution) through Public Private Partnership (PPP) mode based on Design, Finance, Built, operate and Transfer (DFBOT) basis. The Tender will be published on dated 03.11.2020. The detail tender notice and Tender Document can be seen and download on website : https://uktenders.gov.in and www.haridwarnagarnigam.com by the Firms / Individual registered on the Portal.

Jai Bharat Singh, MC, NNH

20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली (एसएनबी)। अपराध शाखा ने झपटमारी और एटीएम लूट के मामले में फरार चल रहे 20 हजार के एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश का नाम गुरु ग्राम निवासी हरिचरण (22) है। पुलिस के मुताबिक तीन साल पहले आरोपी ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर डाबड़ी इलाके में एक शख्स से मोबाइल फोन व कैश लूट लिया था। एक गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार आरोपी को आश्रम इलाके से दबोचा लिया गया।

कंधा टकराने पर मारा चाकू

नई दिल्ली (एसएनबी)। आनंद पर्वत इलाके में महज कंधा टकराने पर दो युवकों ने एक शख्स को चाकू घोंप दिया। इस वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पीड़ित विकास (38) को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थितर बनी हुई है। पुलिस ने विकास के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी नहीं पकड़े जा सके है। पुलिस का कहना है कि विकास परिवार के साथ नेहरू नगर, आनंद पर्वत इलाके में रहता है। इसका सदर बाजार इलाके में रूमाल पेमिंग का काम है। उसके अनुसार सोमवार शाम को यह घाटी रोड होते हुए गली नंबर-8, पुराने थाने के पास पहुंचा। इस बीच दो युवकों से विकास का कंधा टकरा गया। आरोप है कि दोनों युवक विकास के साथ गाली-गलौज करने लगे। विकास ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया।

कंधा टकराने पर दो युवकों पर हमला

नई दिल्ली (एसएनबी)। रोहिणी जिले के प्रशांत विहार इलाके में कंधा टकराने को लेकर हुई बहसबाजी में बदमाशों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला किया।

वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बदमाशों की पहचान के लिए वारदात के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक घायल युवकों की पहचान अमित और कलश के रूप में हुई।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहीन ब्लाक हथीन जिला पलवल अपने ग्राम के खुरजाली, कलारकी, बिजली बोर्ड के साथ वाली तथा पठेन वाली जोहड़ की पूर्व दिशा वाली जोहड़ों को मछली पालन हेतू को पट्टे पर आठ वर्ष के लिए दिनांक 20-11-2020 को दिन के 11 बजे, स्थान नजदीक बड़ा बस स्टैण्ड, बारात घर बहीन पर खुली बोली पर छोड़ रही है। इच्छुक ठेकेदार मौके पर पहुंच कर जमानत राशि पचास हजार रूपये जमा कराकर बोली में भाग ले सकते हैं। बाकी शर्ते मौके पर सुनाई जायेंगी।

दिनेश कुमार (सचिव) ग्राम पंचायत बहीन ब्लाक हथीन (पलवल)
श्यामसिंह (सरपंच) ग्राम पंचायत बहीन ब्लाक हथीन (पलवल)

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1,नालेज पार्क-04,ग्रेटर नौएडा सिटी,गौतमबुद्धनगर

सार्वजनिक सूचना

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत M/s Solaris Realtech Private Limited के भूखण्ड संख्या GH-16B, सेक्टर-01, ग्रेटर नौएडा पर दिनांक 25.01.2016 को मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त बिल्डर द्वारा पुनर्रीक्षित मानचित्र स्वीकृति (Revised Sanction) हेतु दिनांक 19.08.2020 को आवेदन किया गया है, जिसमें पूर्व स्वीकृत भवन मानचित्र के डिजाईन व अन्य कतिपय संशोधन किया जा रहा है। अतः प्रत्येक आवंटियों द्वारा अपनी consent दी गयी है या नहीं के सम्बन्ध में अपार्टमेन्ट ओनर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस सम्बन्ध में बिल्डर द्वारा प्रस्तुत संशोधित declarations एवं मानचित्र का परीक्षण किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9.30 से सायं 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग के displayed में नक्शे में किया जा सकता है। मानचित्रों में उ.प्र. अपार्टमेन्ट एक्ट-2010 के प्राविधानों के अन्तर्गत उक्त प्रस्तावित संशोधन की घोषणा के संबंध में अपार्टमेन्ट स्वामियों/संघ को नोटिस जारी करने के साथ 30 दिन के अन्दर आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। अतः उपरोक्त के निहतार्थ अपनी आपत्तियां लिखित रूप में अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नोएडा में स्थित वरिष्ठ प्रबन्धक (वास्तु.) विभाग में निर्धारित अवधि अर्थात सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों में प्राप्त करायी जा सकती है।

(बैंक पेमेन्ट) महा प्रबन्धक- (नियो./वास्तु.)

लड़कियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

नई दिल्ली (एसएनबी)। स्त्री अकाली दल दिल्ली स्टेट माई भागो ब्रिगेड ने लड़कियों का गतका मुकाबला कराया। खासतौर पर लड़कियों को बिना हथियारों के आत्मरक्षा कैसे की जाती है उसके गुर भी सिखलाए गए। स्त्री अकाली दल दिल्ली स्टेट की अध्यक्ष बीबी रणजीत कौर बताया गया कि स्त्री अकाली दल की माई भागो ब्रिगेड द्वारा पश्चिमी दिल्ली के संतगढ़ में लड़कियों के गतका मुकाबला करवाए गए जिसमें पूरे उत्साह के साथ लड़कियों ने भाग लेकर सिख मार्शल आर्ट गतका का प्रदर्शन किया।

अदालती काम में प्रयोग किया जाए 'ए-फोर' साइज पेपर

नई दिल्ली (एसएनबी)। अदालती कामकाज के लिए लीगल साइज व फुल स्केप साइज पेपर के बदले ए-फोर साइज का पेपर का इस्तेमाल करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका पर जल्द ही सुनवाई होने की संभावना है। यह याचिका विधि के दो छात्रों ने दाखिल की है और कहा है कि इससे न्याय मिलने में कम खर्च आएगा और यह पर्यावरण अनुकूल भी है। इसीलिए ए-फोर पेपर का इस्तेमाल किया जाना तुरंत लागू किया जाए।

जबरदस्त मर्दाना ताकत के लिये
हजारों मरीजो पर आजमाया हुआ
एस.एस.
तेल व पाऊडर
सैक्स टाइम बढ़ायें
मर्द एक्स्ट्रा टाइम वटी
सभी प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध 9219632232
9050205100

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
कलैक्ट्रेट परिसर (मण्डी निदेशालय के सामने), रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर), पिन–263153
फैक्स एवं दूरभाष सं0 : 05944–250187, ई–मेलः constructionunitusn@gmail.com

पत्रांक–1549/निविदा/268 दिनांक : 17.10.2020

निविदा सूचना

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की मुहरबन्द निविदाऐं निम्नांकित चार्ट में उल्लिखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.11.2020 को अपरान्ह 1:00 बजे तक निर्माण इकाई, ऊधम सिंह नगर में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.11.2020 के सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट या अधोहस्ताक्षरी के पदनाम के खाता संख्या 0833000101160034 पंजाब नैशनल बैंक रूद्रपुर में निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा कर प्राप्ति रसीद प्रस्तुत करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि रू0	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह रूद्रपुर के मुख्य भवन का सीलन रोधी उपचार का कार्य।	32,000/-	500.00 +18% GST =590.00	04 माह	60 दिन	उ0प0ज0 निगम (निर्माण विंग) में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उच्च श्रेणी
2	रम्पुरा, रूद्रपुर में सदभावमण्डप (बारात घर) के भवन का सीलन रोधी उपचार का कार्य।	9,000/-	500.00 +18% GST =590.00	06 माह	60 दिन	उ0प0ज0 निगम (निर्माण विंग) में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उच्च श्रेणी

निविदा/कोटेशन डालने/खुलने की तिथि को अवकाश होने पर निविदा/कोटेशन निर्धारित तिथि के अगले दिन निर्धारित समय पर डाली/खोली जायेगी। एक अथवा समस्त निविदाओं/कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोटः अन्य शर्तें एवं ड्राइंग्स कार्यालय/निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। परियोजना प्रबन्धक

उधार पैसे न देने पर चलाई गोली

नई दिल्ली (एसएनबी)। निहाल विहार इलाके में पैसे उधार देने से इनकार पर एक युवक ने गोली चला दी और एक अन्य बदमाश के साथ बाइक पर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को वारदात की जगह से कारतूस का खोल बरामद हुआ है। पीड़ित सागर सपरिवार चन्द्र विहार निहाल विहार इलाके में रहता है और पिता के साथ प्रॉपर्टी डिलिंग करता है। सागर ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले पड़ोस में किराए के मकान पर रहने वाले एक युवक ने उससे रुपए उधार मांगे थे, लेकिन उसने रुपए उधार देने से मना कर दिया था।

जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड
CIN: L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 1A, सेक्टर–16A, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)
दूरभाषः +91-120-4090500, फैक्सः +91-120-4090599
ई–मेलः Investor@jublfood.com
वेबसाइटः www.jubilantfoodworks.com

सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 के अधिनियम 29 एवं 47 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक बृहस्पतिवार, नवंबर 12, 2020, अन्य विषयों के साथ–साथ, सितम्बर 30, 2020 को समाप्त तिमाही एवं अर्धवार्षिक के अनअंकेक्षित एकल और समेकित वित्तीय विवरण पर विचार हेतु आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त निर्देशन कंपनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड
हस्ता/–
मोना अग्रवाल
कम्पनी सचिव

दिनांक : नवंबर 3, 2020
स्थान : नोएडा (उ.प्र.)

kotak **dkVd efgUnk cSad fyfeVM** uhykeh lg fcØh gr lkoZtfud lpuk
कार्पोरेट पहचान सं. एल65110एमएच1985पीएलसी038137
पंजीकृत कार्यालय : 27–बीकेसी, सी–27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कूर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051,
आंचलिक सह शाखा कार्यालय, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड : 7वां तल, अम्बादीप बिल्डिंग, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली –110001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को सूचना दी जाती है कि कोटक महिन्द्रा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के पास बंधक निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल सम्पत्ति, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, की बिक्री के लिए हमारे ई–नीलामी सर्विस पार्टनर, मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के वेबपोर्टल नामतः https://kotakbank.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन ऑफर आमंत्रित की जाती हैं :–

कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम	मांग सूचना तिथि एवं राशि	अचल सम्पत्ति का वर्णन	सुरक्षित मूल्य	धरोहर राशि जमा (ईएमडी)	अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि (बाहर से)
1. मैसर्स ए. के. ट्रेडर्स (कर्जदार), 2. श्री अजय कुमार सिंघल (गारंटर एवं बंधकदाता), 3. श्रीमती अरूणा सिंघल (गारंटर एवं बंधकदाता), (ऋण ख